निनाद ललित कला समिति
छिन्दवाडा

अध्यक्ष–आनंद बक्षी

दैनिक भास्कर

निनाद ललित कला समिति का आयोजन आज

गीत-ग़ज़ल की होगी रस-वर्षा

भास्कर न्यूज | छिंदवाड़ा

निनाद ललित कला समिति के द्वारा गीत गजल संध्या 28 जनवरी रात्रि 9 बजे स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री स्कूल, स्टेडियम के सामने आयोजित की गई है। निनाद ललित कला समिति के अध्यक्ष आनंद बक्षी ने बताया कि विख्यात कलाकार पं. अश्विनी वर्मा अपनी गायिकी से श्रोताओं से रूबरू होंगे। सतीश मिश्र तबला, एसआर शिवलीकर सितार, इकबाल अहमद गिटार पर संगत करेंगे।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक दीपक सक्सेना होंगे। इस अवसर पर नवीन दूगड़, डा. आरएच बग्गा, मेजर डा. राकेश श्रीवास्तव, श्रीमती विस्मिता शाह, मो. युनुस तथा बाल प्रतिभा तरंग परिहार को सम्मानित किया जाएगा। यह उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम का 13 वां वर्ष है। यह पूर्णतः निःशुल्क है। अश्विनी कुमार ने संगीत की आरंभिक शिक्षा अपने पिता रतनचन्द्र वर्मा से ग्रहण की। आप देश के सुप्रसिद्ध पंजाब घराने से तालुक रखते हैं। आपके वंश में पिछले 177 वर्षो से संगीत गाया जा रहा है। आपके परिवार ने अनेक कलाकार संगीत समाज को दिए है। आपने संगीत की बारीकियों को उस्ताद फतेह दीन खान, लक्ष्मणदास से सीखा है। आपने संगीत अलंकार की उपाधि 1985 में तथा आकाशवाणी के ए ग्रेड कलाकार की उपाधि भी प्राप्त की है। आपको अनेक पुरस्कार स्वर विहार, स्वर निनाद, महफिल, सुर सिंगार, सुर श्री, स्वर संध्या से नवाजा जा चुका है। आपने प्रसिद्ध टीवी सीरियल मुजरिम हाजिर है जनाब का शीर्षक गीत गाया है तथा इसे संगीतबद्ध भी किया है। आपने न केवल गजल गायिकी को अपितु शबद गुरूबाणी को भी बखूबी गाया है। आप गजल गायिकी की परंपरागत शैली को प्रस्तुत करते हैं। आपने ऑल इंडिया रेडियो में सन 1994 से 2002 तक लगातार कार्यक्रम किए है। आप सूफियाना गायिकी के सिद्धहस्त हस्ताक्षर है। निनाद ललित कला समिति के आशीष त्रिपाठी, हाजी नसीमुददीन खान, जेड अली, राशिद खान, सुरेश डेहरिया, राजू निमाड़े ने सभी सुगम संगीत के सुधि श्रोताओं से कार्यक्रम में उपस्थित होकर गीतों गजलों का आनंद लेने का आग्रह किया है।



गीतों गजलों की खुशबू से महकेगा शहर

छिन्दवाड़ा (देशबन्धु)। निनाद ललित कला समिति के द्वारा गीत गजल संध्या २८ जनवरी रात्रि ९ बजे स्थानीय लालबहादुर शास्त्री, स्कूल स्टेडियम के सामने आयोजित की गयी हैं। निनाद ललित कला समिति के अध्यक्ष आनंद बक्षी ने बताया कि विख्यात कलाकार पंडित अश्वनी वर्मा अपनी गायिकी से श्रोताओं से रूबरू होंगे।